आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 13.05.2026 | समय : 02.10PM

पीएम- संस्कृत श्लोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 1998 में हुए पोखरण परमाणु परीक्षणों की वर्षगांठ पर देश के उस अडिग संकल्प को याद किया। सोशल मीडिया पर संस्कृत सुभाषित साझा करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि परीक्षणों के बाद पूरी दुनिया ने भारत पर दबाव बनाया, लेकिन भारत ने यह साबित कर दिखाया कि कोई भी शक्ति उसे झुका नहीं सकती।

पीएम मोदी- काफिले का साइज कम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के भीतर दौरों के दौरान अपने काफिले में गाड़ियों की संख्या काफी कम कर दी है। गुजरात और असम की हालिया यात्राओं में यह बदलाव पहली बार देखने को मिला, जबकि SPG की सभी जरूरी सुरक्षा व्यवस्थाएं पहले की तरह बरकरार हैं। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों बिना नई खरीद किए जहां संभव हो काफिले में इलेक्ट्रिक वाहन शामिल करने के निर्देश दिए हैं। यह कदम पश्चिम एशिया संकट के बीच आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करने की उनकी सात अपीलों का हिस्सा है।

सीएम के काफिले में अब सिर्फ 8 गाड़ियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने काफिले में गाड़ियों की संख्या 13 से घटाकर 8 कर दी है। साथ ही सभी मंत्रियों और निगम-मंडल के अधिकारियों को भी कम से कम वाहन इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए हैं।

लाड़ली बहना की 36वीं किश्त

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नरसिंहपुर के मुंगवानी गांव से लाड़ली बहना योजना की 36वीं किश्त जारी करेंगे। प्रदेश की सवा करोड़ से ज्यादा बहनों के खातों में एक साथ 1 हजार 835 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम ट्रांसफर की जाएगी।

भोपाल में हुई इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव

भोपाल में कल एक दिवसीय इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव हुई, जिसके बाद फ्रांस के राजदूत थियरी माथू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। कॉन्क्लेव में फ्रांसीसी कंपनियों और प्रदेश सरकार के बीच एक MOU समेत कुल 8 लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर हुए।

चीते के 4 शावक मृत मिले

श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता केजीपी-12 के चारों शावक कल सुबह एक मांद के पास मृत और क्षत-विक्षत हालत में मिले। महज एक महीने पहले 11 अप्रैल को जन्मे इन शावकों को आखिरी बार 11 मई की शाम जिंदा देखा गया था। शुरुआती जांच में आशंका है कि किसी दूसरे जंगली जानवर ने इन्हें मारा है, हालांकि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत की असली वजह सामने आएगी। वन विभाग ने बताया कि शावकों की मां पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ है और कूनो के बाकी सभी चीतों पर भी लगातार नजर रखी जा रही है।

नीट पेपर लीक मामला

नीट यूजी परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले की जांच के लिए सीबीआई की एक टीम जयपुर पहुंची और राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह द्वारा हिरासत में लिए गए कई लोगों से पूछताछ की। इसके साथ ही SOG ने सीकर और आसपास के इलाकों में भी कई लोगों से पूछताछ की।

सोना-चांदी के दाम आसमान पर

आज सोने और चांदी की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। MCX वायदा बाजार में सोना करीब 6 फीसदी उछलकर करीब 1 लाख 62 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जबकि चांदी 6.4 फीसदी की बढ़त के साथ करीब 2 लाख 96 हजार रुपये प्रति किलो पर कारोबार कर रही है। दरअसल सरकार ने सोने और चांदी पर आयात शुल्क 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया है, जिसकी वजह से बाजार में यह भारी उछाल आया है।

मौसम

अब बात मौसम की। मौसम विभाग ने प्रदेश के इंदौर और उज्जैन संभाग के 11 जिलों के साथ-साथ भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में भी अगले 4 दिन तक लू चलने की चेतावनी दी है। कल रतलाम में पारा रिकॉर्ड 46.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हालांकि निमाड़ समेत कई जिलों में शाम को मौसम पलटा और तेज आंधी-बारिश के साथ ओले भी गिरे। मौसम विभाग के मुताबिक साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से प्रदेश में मौसम का यह मिला-जुला मिजाज देखने को मिल रहा है।

सीबीएसई परिणाम

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई ने आज बारहवीं कक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। छात्र अपना रोल नंबर डालकर आधिकारिक वेबसाइट, डिजीलॉकर और उमंग ऐप पर परिणाम देख सकते हैं। इस वर्ष 17 फरवरी से 10 अप्रैल के बीच बारहवीं की परीक्षाएं आयोजित की गईं थी।